## महत्वपूर्ण एवं खास

### महानदी एवं इंद्रावती भवन में बाहरी लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य में कोविड-19 के तेजी से बढ़ रहे संक्रमण के नियंत्रण हेतु 11 जनवरी से मंत्रालय महानदी भवन और विभागाध्यक्ष कार्यालय इंद्रावती भवन में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आज इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेशानुसार मंत्रालय एवं समस्त विभागाध्यक्ष कार्यालयों में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के एक तिहाई कर्मचारियों को प्रतिदिन बुलाया जाएगा। इसके लिए विभागों द्वारा रोस्टर बनाते हुए डियूटी लगायी जाएगी। कार्यालयों में अनुभाग अधिकारी एवं उनसे वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से रहेगी। समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा फेस मास्क अनिवार्य रूप उपयोग किए जाएंगे। वर्तमान में कोविड-19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए मंत्रालयीन अधिकारी कर्मचारी को सार्वजनिक बसों के स्थान पर निजी अथवा विभागीय वहनों के उपयोग को प्राथमिकता देने कहा गया है।

### दोना पत्तल बनाते वक्त महिला का हाथ मशीन में फंसा, तीन अंगुलियां कटी

**भिलाई (आरएनएस)।** दोना पत्तल बनाते वक्त महिला का हाथ मशीन में फंस जाने से उसकी तीन अंगुलियां कट गई। बता दें कि केनाल रोड खुर्सीपार में दोना पत्तल बनाने वाले उद्योग में काम करने वाली महिला हादसे का शिकार हो गई। काम करने के दौरान महिला का हाथ दोना पत्तल बनाने वाली मशीन में फंस गया। जिससे उसके दाएं हाथ की तीन अंगुलियां कट गई। घटना की शिकायत होने पर खुर्सीपार पुलिस ने उद्योग संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### ज्वेलरी शॉप में शार्ट सर्किट से लगी आग, मिनी सिलेंडर ब्लास्ट

**भिलाई (आरएनएस)।** सुपेला लक्ष्मी मार्केट स्थित जगदंबा ज्वेलर्स में बीते दिन शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। आग की चिंगारी फैलते ही कारीगरी के लिए रखे मिनी गैस सिलिंडर में ब्लास्ट हो गया। जानकारी के मुताबिक उक्त घटना रविवार की दोपहर में हुई। दोपहर में दुकान में सभी लोग मौजूद थे। इसी दौरान अचानक आग लगी और कुछ ही मिनटों में पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। वहां मौजूद लोग कुछ कर पाते। इससे पहले ही दुकान में आग पूरी तरह से फैल गई। कुछ देर बाद दुकान में रखा गैस सिलेंडर भी ब्लास्ट हो गया। सिलिंडर ब्लास्ट होने से दुकान संचालक के भाई विनोद सोनी मामूली रूप से घायल हो गए। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

### मालगाड़ी से कटकर एक युवक की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोरबा गेवरा रोड रेल सेक्शन पर मालगाड़ी से कटकर एक युवक की मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पर उसका शव आज सवेरे मिला। कुसगुंडा पुलिस ने सूचना के आधार पर मर्ग कायम किया है। मृतक की पहचान के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कुसमुंडा पुलिस थाना के प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया कि मृतक सुल्तान खान कुचेना बस्ती का निवासी बताया गया है। गेवरा रोड से दीपका की तरफ जाने वाली रेलवे ट्रैक पर सुबह लोगों ने युवक को यहां पर मित्र स्थिति में देखा। इस बारे में पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने यहां पहुंचकर पंचनामा की प्रक्रिया पूरी की आसपास के लोग भी यहां पर पहुंचे हुए थे उन्होंने सुल्तान के रूप में मृतक को पहचाना। युवक रेलवे क्षेत्र में क्यों आया था इस बारे में स्पष्ट रूप से जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस की धारा 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मर्ग कायम करने के साथ अगली कार्रवाई की जा रही है।

# गाइडलाइन का पालन करते हुए गर्भवती महिलाओं के लिए जारी रहेगी प्रसव पूर्व जांच

**रायपुर (आरएनएस)।** कोरोना की तीसरी लहर के बीच कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच (एएनसी)नियमित रूप से जारी रहेगी । साथ ही इस दौरान उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य केन्द्र पर एएनसी जांच के लिए मितानिन के माध्यम से केंद्र तक लाने की व्यवस्था भी की जाएगी जिसमें जननी एक्सप्रेस 104 की मदद भी ली जाएगी ।

इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मीरा बघेल ने बताया, ''सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला चिकित्सालय स्तर पर सामान्य प्रसव सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, सभी केंद्रों पर प्रसव पूर्व सेवाएं सामान्य प्रसव एवं आवश्यक नवजात शिशु सेवाएं उन सभी महिलाओं को प्रदान की जाएगी जिनकी कोरोना जांच नेगेटिव आई हो। साथ ही उन्होंने बताया, अगर कोई कोविड-19 पॉजिटिव या संभावित पॉजिटिव गर्भवती महिला है तो ऐसी स्थिति में उसे भी कोविड गाइडलाइन का पालन



करते हुए प्रसव सेवाएं प्रदान की जाएंगी।इसके लिए सभी ब्लड बैंक अथवा ब्लड स्टोरेज यूनिट को क्रियाशील रखा जाएगा ताकि मांग अनुसार ब्लड की आवश्यकता को पूरा किया जा सकें। डॉ. बघेल ने ऐसे में अपील भी की है कि स्वैच्छिक रक्त दाता नियमित रूप से रक्तदान भी कर सकते हैं ताकि रक्त की आवश्यकता की परिस्थिति होने पर जच्चा और बच्चा की जान बचाई जा सके।डॉ.बघेल ने कहा, गर्भवती महिलाओं को खुशनुमा माहौल में रखें किसी भी तरह से उन्हें मानसिक दबाव में ना आने दे । खुशनुमा माहौल रहने से आने वाले शिशु का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है ।

**गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण के लिये किया जाएगा प्रेरित**- गर्भवती महिलाओं के लिये कोविड टीकाकरण का कार्य लगातार चलाया जा रहा है। शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण के लिये प्रेरित भी किया जा रहा हैं। इसी क्रम में अब गर्भवती महिलाओं को भी प्रसव पूर्व जांच के दौरान कोविड-19 के संक्रमण से सुरक्षा प्राप्त करने को कोविड टीकाकरण भी किया जा रहा है ।

उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के लिये मितानिन का लिया जाएगा सहयोग

प्रत्येक गर्भवती महिला को गर्भधारण के साथ ही अपना अतिशीघ्र रजिस्ट्रेशन करवाने तथा सॉफ्टवेयर के माध्यम से लाईन लिस्टिंग सुनिश्चित की जाएगी। लाइन लिस्टिंग के अनुसार अधिक जोखिम वाली गर्भवती महिलाएं एवं सामान्य गर्भवती महिलाओं का वर्गीकरण किया जाएगा। अधिक जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को निकटवर्ती स्वास्थ्य केन्द्र पर एएनसी जांच के लिए मितानिन एवं 104 जननी एक्सप्रेस वाहन की मदद ली जाएगी।

## नकली बंदूक के साथ दो फर्जी नक्सलियों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के नक्सल प्रभावित कोडेकुर्से थानाक्षेत्र अंर्तगत ग्राम गुरदाटोला में बीती रात करीब दो बजे ग्रामीण चमरुराम के घर नक्सली बनकर घर मे पंहुचे 02 फर्जी नक्सलियों को ग्रामीणों ने पकड़कर जमकर पिटाई कर रातभर अपने कब्जे में रखने के बाद सुबह पुलिस के हवाले कर दिया है। वहीं इनके साथ पंहुचे अन्य 02 फर्जी नक्सली मौके से भागने में कामयाब रहे। पकड़े गये फर्जी नक्सलियों के कब्जे से एक नकली बंदूक, हंसिया, चाकू एवं अन्य सामग्री बरामद किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गुरदाटोला में बीती रात करीब दो बजे ग्रामीण चमरुराम के घर मे 04 लोग जबरन घुस आए और स्वयं को नक्सली बताकर पैसे की मांग करने लगे। फर्जी नक्सलियों ने अपने साथ कुछ हथियार भी रखे थे, लेकिन उनकी गतिविधियों को देखकर चमरुराम के परिवार को शक हुआ और उन्होंने हिम्मत करके फर्जी नक्सलियो का विरोध किया, जिसके बाद शोर गुल सुनकर आस-पास के लोग भी इकठ्ठा हो गए, स्वयं को फंसता देख फर्जी नक्सली भागने का प्रयास करने लगे, वहां मौजूद ग्रामीणों ने 02 फर्जी नक्सलियों को पकड़ लिया, जबकि 02 फर्जी नक्सली भागने में कामयाब रहे।

## वर्षा की सम्भावना को देखते हुए कृषकों के लिए समसामयिक सलाह

**कांकेर (आरएनएस)।** भारत मौसम विज्ञान विभाग रायपुर तथा कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर द्वारा जारी मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार आगामी कांकेर जिले के कुछ स्थानों पर वर्षा हो रही है तथा 12 जनवरी तक हल्की वर्षा होने की संभावना है, आसमान में आंशिक रूप से बादल छाये रहने के साथ अधिकतम तापमान 28.0-29.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 12.0-13.0 डिग्री सेंटीग्रेड, सुबह की हवा में 85-91 प्रतिशत आर्द्रता और शाम की हवा में 35-57 प्रतिशत आर्द्रता और आने वाले दिनों में हवा दक्षिण-पूर्व दिशा 2.0-4.0



किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू ने समसामयिक सलाह देते हुए कहा कि तेज़ ठंडी हवाएं और कोहरे का असर ना सिर्फ इंसानी जीवन पर पड़ता है, बल्कि यह फसलों के लिए भी बहुत नुकसानदायक होता है। बदलते मौसम की वजह से आलू, टमाटर, चना और मटर जैसी सब्जियों पर रोगों का खतरा मंडराने लगा है. इसके लिए किसानों को समय पर सावधानी बरतनी होगी, दरअसल तापमान में गिरावट और वातावरण में अत्यधिक नमी की वजह से फसलों पर झुलसा रोग लगने की संभावना बढ़ गई है। इस रोग से टमाटर, आलू बैंगन, सरसों, चना, मसूर आदि की पत्तियां झुलस जाती हैं, ऐसा लगता है कि पत्तियां जल गई हों, इस झुलसा रोग लगने से फसलों का उत्पादन भी प्रभावित होने लगता है, इसके नियंत्रण के लिए कापरआक्सी क्लोराईड 1.5 मिली लीटर प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिड़काव करें। चने की फसल में लगने वाली चने की इल्ली सबसे खतरनाक कीटों मे से एक है। आम तौर पर चने की इल्ली के प्रकोप से फसल की पैदावार में 15 से 20 प्रतिशत तक कमी आती है। बादल छाये रहने पर इसका प्रकोप बढ़ने पर 80 प्रतिशत तक फसल नष्ट हो जाती है। इस कीट का लार्वा पत्तियों के हरे भाग को खाता है बड़ी इल्लियां पत्तियों एवं फलियों में छेद करके अंदर के दानों को खती है, जिससे फलियां अंदर से

## टेकुलगुडम मुठभेड़ में शामिल तीन लाख के इनामी माओवादी ने किया समर्पण

**» तेलंगाना स्टेट कमेटी अंतर्गत वाजेडू एलओएस का था डिप्टी कमांडर**

**बीजापुर (आरएनएस)।** बीते साल दिल दहला देने वाली टेकुलगुडम पुलिस-नक्सल मुठभेड़ में शामिल तीन लाख के इनामी माओवादी पाण्डु राम सवलम ने बीजापुर पुलिस के सामने समर्पण किया है। 3 अप्रैल 2021 को बीजापुर-सुकमा की सरहद पर हुई इस मुठभेड़ में जहां 22 जवानों की शहादत हुई वही घटना के 9 महीने बाद माओवादियों के हमलावर दस्ते में शामिल डिप्टी कमांडर के सरेंडर से पुलिस को इस बड़ी नक्सली घटना के बारे में कई अहम जानकारियां मिलने की



उम्मीद भी है। सोमवार को बीजापुर एसपी कमलोचन कश्यप के समक्ष माओवादियों के तेलंगाना स्टेट कमेटी के वाजेडू एलओएस डिप्टी कमांडर पाण्डू राम सवलम ने समर्पण किया। एसपी कमलोचन कश्यप ने बताया कि पाण्डु पर तीन लाख का इनाम घोषित था। माओवादी संगठन की प्रताड़ना से पाण्डु त्रस्त था। मूलतः सुकमा जिले के जगरगुण्डा का रहने वाला पाण्डु साल 2009 में माओवाद संगठन से जुड़ा। कई घटनाओं में वह शामिल भी रहा। जिसमें साल 2010, 2011, 2012 में जगरगुंडा और नरसापुरम में पुलिस पार्टी पर घात लगाकर हमला, आईईडी विस्फोट के अलावा 2014 मे पूवर्ती के जंगल में हुई मुठभेड़ में शामिल था, इसके अलावा बीते साल तर्रेम इलाके में टेकुलगुड़म मुठभेड़ में भी नक्सलियों के हमलावर दस्ते में वह शामिल था। समर्पित माओवादी पाण्डु 2009 में सिलगेर सीएनएम कमांडर लालू कोरसा के नेतृत्व में नक्सलियों के चेतना नाटय मंडली में भर्ती हुआ था। 2011 में उसे सिलगेर पंचायत में मिलिषिया प्लाटून सदस्य की जिम्मेदारी दी गई, इस दौरान वह अपने साथ भरमार रखता था। साल 2013 में प्लाटून नंबर 10 में पीएलजीएम सदस्य बनाया गया। आगे 2015 में उसे तेलंगाना स्टेट भेज दिया गया। जहां डीव्हीसीएम दामोदर के दलम में पार्टी सदस्य के रूप में वह सक्रिय था। वर्ष 2016 में डीव्हीसीएम दामोदर ने उसे वाजेडू एलओएस डिप्टी कमांडर के पद की जिम्मेदारी सौंपी। मुख्यधारा से जुड़ने पर एसपी कमलोचन कष्यप द्वारा उसे 10 हजार रूपए नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के साथ पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने की बात कही गई। एसपी ने कहा कि सीमावर्ती इलाके में पुलिस के बढ़ते दबाव के चलते नक्सली अब बैकफूट पर है। बढ़ते दबाव और संगठन में बिखराव के चलते नक्सली मुख्यधारा में लौट रहे हैं।

## भीमसेनिया जंगल में बेशकीमती पेड़ों की हो रही अवैध कटाई

**कोरबा (आरएनएस)।** डूमरकछार. दीपका मार्ग पर स्थित धौराभाठा व नुनेरा के बीच भीमसेनिया जंगल में बेशकीमती इमारती पेड़ों की अंधाधुंध धड़ल्ले के साथ कटाई हो रही है। वन विभाग के अधिकारी. कर्मचारी को जंगल की देखरेख करने की जरा भी फुर्सत नहीं है, यही वजह से लकड़हारे लोग हरे भरे जंगल की इमारती पेड़ों की दिनोंदिन धड़ल्ले से कटाई कर उंचे दामों में खपा रहे हैं। कार्रवाई नहीं होने की वजह से ऐसे लोगों के हौसले बढ़े हुए हैं और बेखौफ हो जंगल जाकर दिनदहाड़े पेड़ों को काट रहे हैं। वन विभाग की लापरवाही की वजह से दिनोंदिन हरे भरे खूबसूरती जंगल की उजाड़ हो रही है। पेड़ पौधों की कटाई के कारण वन परिक्षेत्र कम होता जा रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यहां पांच साल पहले जंगल हरे-भरे हुआ करता था, लेकिन अब इसमें बहुत कमी आ चुकी है। वन विभाग कार्यालय महज पांच किलोमीटर की दूरी पर है और जानकारी होने के बाद भी वनों की देखभाल नहीं की जा रही है। कुछ जगह पर अतिक्रमण की नियत से पेड़ काटे जा रहे हैं, तो कुछ जगह पर माफिया की नजर बेशकीमती लकड़ी पर है।

## विवाहिता की मौत, परिजनों ने ससुराल पक्ष पर जहर देने का लगाया आरोप

**कोरबा (आरएनएस)।** अस्पताल में बेटी जिंदगी के लिए मौत से संघर्ष कर रही, इधर मां ने बेटी के पति, सास और ससुर पर चाय में जहर मिलाकर देने और शरीर में मिट्टी तेल डालकर मारने की प्रयास का आरोप लगाकर थाने में रिपोर्ट कर कार्रवाई की मांग की है।

रतनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सीस निवासी परसराम डिक्सेना की बेटी भावना डिक्सेना की शादी वर्ष 2016 में ग्राम मुनगाडीह थाना पाली, जिला कोरबा निवासी सुखरू उर्फ पुन्नी डिक्सेना के साथ सामाजिक रीति रिवाज से हुआ था। पीड़ित की माँ आशा डिक्सेना का आरोप है कि ससुराल में शादी के 04 माह बाद आरोपी माधव डिक्सेना, ससुर सुखरू व सास पंचकुवर डिक्सेना ने दहेज में मोटर सायकल, नकद 50 हजार रुपए व जमीन की मांग कर उनकी बेटी के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। मारपीट में बेटी भावना के पेट व बच्चादानी में चोट आई थी, जिसका इलाज समाधान नर्सिंग होम बिलासपुर में हुआ था। मारपीट व प्रताड़ित करने की रिपोर्ट थाना रतनपुर मे दर्ज कराई गई थी। इस पर अपराध दर्ज हुआ था। इस घटना के बाद भावना अपने मायका सीस में ही रहने लगी। 04 साल तक मायके में रहने पर आरोपियों ने बेटा को अपने साथ ले जाने की बात समाज में रखी, इसे लेकर 26 दिसम्बर 2021 को सुबह हमारे घर मुनगाडीह में बैठक रखी गई। जिसमे 16 गावों के समाज के लोग शामिल हुए थे।

अच्छे से रखने का दिया भरोसाः- समाज के सामने माधव डिक्सेना व आरोपियों ने भावना को अपने साथ ले जाने और अच्छे से रखने की बात कही। इस पर भरोसा कर भावना 26 दिसम्बर 2021 को ही शाम में समाज की उपस्थिति में अपने पति के साथ ससुराल सीस चली गई। 29 दिसम्बर को माधव ने फोन कर बताया कि भावना को पीने को चाय दिये उसके बाद उसकी तबियत ठीक नहीं है कुछ समय बाद फिर फोन कर बताया कि वह ठीक हो गई है।

बेटी मिली बेहोशी की हालत मेंः-31 दिसम्बर 2021 को सुबह के 11 बजे समाज के संजय कलार फोन कर बताया कि भावना की तबितयत खराब हो गई है, माधव उसे शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली लेकर गया है। पड़ोसी के साथ हॉस्पिटल पाली पहुंची तो देखा बेटी बेहोशी की हालत में है। जहां पर उसका इलाज 02 जनवरी 2022 तक चला उसके बाद माधव छुट्टी कराकर मुनगाडीह ले आए।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथ्य में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## मास्क की जांच के दौरान युवक को तहसीलदार ने मारा थप्पड़, बवाल के बाद मांगनी पड़ी माफी

**कोरबा (आरएनएस)।** मास्क की जांच के दौरान दीपका के तहसीलदार ने एक दुकान में खरीदारी करने पहुंचे युवक की चालान काटने की कोशिश की। इस दौरान वह बहस करने लगा। इससे नाराज होकर तहसीलदार ने युवक को एक तमाचा जड़ दिया। इसके साथ ही मौके पर बखेड़ा खडा हो गया। युवक की मां समेत अन्य स्वजन भी वहां पहुंच गया और अंततः तहसीलदार को हाथ जोड़ कर माफी मांगनी पड़ी।

दीपका में संचालित फोटोकापी मशीन की एक दुकान में क्षेत्र में रहने वाला एक युवक किसी काम से पहुंचा था। लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को देखते हुए प्रशासन फिजिकल डिस्टेंस व मास्क लगाने के नियम का पालन कराने में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि कार्रवाई कर रहे दीपका तहसीलदार वीरेंद्र श्रीवास्तव टीम के साथ दुकान में पहुंचे। उस वक्त वह युवक मास्क नहीं लगाया था। यह देख कर तहसीलदार ने चालान काटने की कार्रवाई शुरू की। युवक ने इसका विरोध करते हुए कहा कि वह मास्क लगाकर घर से निकला था और दुकान पहुंचा,



तभी मास्क लगाया हुआ था। दुकानदार से बात करने के दौरान उसने मास्क निकाला है और इस बीच तहसीलदार पहुंच गए। युवक ने सफाई देते हुए चालान नहीं देने की बात कही, तो तहसीलदार नाराज हो गए और दुकान के अंदर ही उसे एक तमाचा जड़ दिए। बस फिर क्या था, युवक आग बबूले से गुस्सा हो गया और मोबाइल से संपर्क कर इस घटना की जानकारी अपने मां को दी। थोड़े ही देर में उसके दोस्त व स्वजन वहां पहुंच गए। तब तक तहसीलदार अपनी गाड़ी के अंदर जाकर बैठ गए थे। नाराज स्वजनों ने गाड़ी को घेर लिया और तहसीलदार को जाने से रोक दिया। युवक तहसीलदार से माफी मंगवाने की जिद पर अड़ा रहा। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी ने समझाइश देने की कोशिश की, पर नाराज लोगों ने एक ना सुनी। आखिरकार तहसीलदार गाड़ी से बाहर निकले और युवक के सामने हाथ जोड़ कर माफी मांगी तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। इस बीच किसी ने माफी मांगते हुए वीडिया किसी ने मचा ली, जो अब इंटरनेट मीडिया में वायरल हो रहा। चर्चा यह भी रही कि इस तरह के हालात में अधिकारी कोरोना संक्रमण कैसे नियंत्रित करेंगे।